सिफ्सा
SIFPSA

राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेन्सी
State Innovations in Family Planning Services Project Agency

सिफ्सा / प्रशि. / जी.एस.एस. / एस.के.एस. / २००८ / 148
जनवरी ०४, २००८
9

महोदय,

माह नवम्बर २००७ की मासिक बैठक के आधार पर तैयार की गई संकलित रिपोर्ट एवं उसके एनालिसेस आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है। एनालिसेस से यह स्पष्ट हो रहा है कि :–

- माह नवम्बर में स्वयं सेवकों द्वारा शिक्षा संबंधी कार्य को छोड़कर अन्य गतिविधियों जैसे आई.ई.सी. गतिविधियॉ, ग्राम स्वास्थ्य समिति की बैठकों, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं बाल सुरक्षा तथा सामाजिक कार्य के क्षेत्र में तुलनात्मक रूप से अच्छा कार्य किया गया है।
- परिवार नियोजन व प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य संबंधी कार्यो में और अधिक प्रयास करने के आवश्यकता है।
- आई.ई.सी. गतिविधियों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। जिससे कि समुदाय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में और जागरूकता बने।
- ग्राम स्वास्थ्य समिति की बैठकों की संख्या में वृद्धि हो रही है परन्तु बैठक में क्या निर्णय लिये जा रहे हैं तथा कैसे उसका कियान्वयन हो रहा है, इसकी चर्चा नहीं है।

इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि समस्त स्वयं सेवकों द्वारा किये गये कार्यो का सत्यापन पी.एच.सी. / सी.एच.सी. स्तर से अवश्य कराया जाये जिससे कि स्वयं सेवकों के द्वारा किये गये कियाकलापों का प्रभाव प्रत्येक स्तर पर पता चल सके।

धन्यवाद,

भवदीय,

8.1.08

(बी.बी. गोयल)
महाप्रबन्धक (प्रशिक्षण)

संलग्नक : यथोपरि ।

श्री विमल पाण्डेय,
सचिव,
श्री भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान,
चिउरहा रोड,
महाराजगंज – २७३३०३

प्रतिलिपि : श्री आनन्द चौबे, परियोजना प्रबन्धक, पी.एम.यू., महाराजगंज को सूचनार्थ प्रेषित।

ग्राम शिक्षा समिति के स्वयं सेवक की मासिक बैठक की संकलित रिपोर्ट माह जनवरी, २००८

विकास खण्ड – सदर, मिठौरा, नौतनवाँ, लक्ष्मीपुर, घुघली, पनियरा, सिसवा, फरेन्दा, वृजमनगंज, परतावल एवं निचलौल

कुल स्वयं सेवक – ६०६

| कम सं | कियाकलाप | स्वयं सेवकों की संख्या | कुल कियाकलाप / भाग लेने वालों की सं | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| आई.ई.सी. गतिविधियों | | | | |
| 1 | दीवार लेखन | 164 | 1601 | गॉव में प्रचार प्रसार तथा स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से गॉवों में दीवाल लेखन का कार्य किया गया। |
| 2 | पोलियो जागरूकता रैली | 162 | 5881 | बच्चों के द्वारा गॉव में पोलियो जागरूकता रैली निकाली गई तथा बच्चों को पोलियो की दवा बूथ पर ले जाकर पिलाने हेतु जागरूक किया गया। |
| | **योग** | | **7482** | |
| **ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति संबंधी कार्य** | | | | |
| 1 | स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति की बैठक | 472 | 6987 | गर्भवती महिलाओं का चिन्हाकन कर टीकाकरण, बच्चों का टीकाकरण तथा परिवार नियोजन के साधन पर चर्चा की गयी। |
| | ग्राम शिक्षा समिति की बैठक | 193 | 2168 | विद्यालय परिसर की साफ सफाई पर चर्चा, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तथा ठहराव एवं टीकाकरण पर चर्चा। |
| 3 | स्वच्छ पेयजल | 92 | 1124 | दूषित जल सेवन से होने वाली बीमारियों से लोगों को अवगत कराया गया तथा खराब पड़े उण्डिया मार्का हैण्ड पाइप की मरम्मत पर रणनीति बनायी गयी। |
| 4 | शौचालय की सफाई | 4 | 78 | गॉवों में शौचालयों की सफाई पर ध्यान दिया गया तथा बताया गया कि स्वच्छ शौचालय का उपयोग करना अत्यन्त आवश्यक है। |
| 5 | गॉव की साफ सफाई | 236 | 240 | ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सहयोग से गॉव में सफाई का कार्य किया गया। |
| | **योग** | | **10597** | |
| **प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य संबंधी कार्य** | | | | |
| 1 | गर्भवती के प्रसव में सहयोग | 139 | 274 | आशा के माध्यम से संस्थागत प्रसव कराया गया तथा जननी सुरक्षा योजना का लाभ दिलाया गया। |
| 2 | गर्भवती महिलाओं की जॉच, टीकाकरण | 314 | 2288 | गर्भवती महिलाओं का चिन्हाकन कर टीकाकरण, जॉच, पंजीकरण कराया गया तथा सन्तुलित आहार के बारे में बताया गया। |
| 3 | सही उम्र में शादी | 48 | 655 | गॉवों में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता की गयी तथा बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। |
| 4 | आयरन की गोली का वितरण | 110 | 1368 | गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर आयरन की गोलियों का वितरण किया गया तथा लाभ एवं न खाने से होने वाले खतरों के बारे में बताया गया। |
| 5 | यौन रोग | 14 | 93 | लोगों को यौन रोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारियां दी गयी तथा उसको सही रूप में अपनाने पर बल दिया गया। |
| | **योग** | | **4678** | |
| परिवार नियोजन | | | | |
| 1 | लक्ष्य दम्पतियों के साथ बैठक | 219 | 2905 | लक्ष्य दम्पतियों के साथ परिवार नियोजन के साधन पर चर्चा की गयी तथा ३८०–ए कापर टी एवं गर्भनिरोधक गोली पर चर्चा की गयी। |
| 2 | परिवार नियोजन के साधन की जानकारी | 194 | 2441 | परिवार नियोजन के अस्थायी तथा स्थायी साधनों की जानकारी दी गयी तथा पुरूष नसबन्दी के बारे में चर्चा की गयी। |
| 3 | कन्डोम वितरण | 207 | 4443 | गॉवों में लक्ष्य दम्पतियों में कण्डोम वितरण किया गया तथा परिवार नियोजन |
| 4 | पुरूष नसबन्दी | 33 | 71 | लक्ष्य दम्पतियों के साथ चर्चा कर पुरूष नसबन्दी कराया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| योग | | | 9860 | |
| बाल सुरक्षा | | | | |
| 1 | बच्चों का प्रतिरक्षण एवं टीकाकरण | 307 | 2382 | गॉव में ० से २ वर्ष के बच्चों का चिन्हांकन कर टीकाकरण कराया गया। आर०आई० के अन्तर्गत टीकाकरण में सहयोग किया गया। |
| 2 | बाल पोषाहार | 45 | 1427 | गॉवों में बाल पोषाहार पर चर्चा किया गया तथा बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी पोषाहार लेने पर जानकारी दी गयी। |
| 3 | बाल विवाह पर चर्चा | 7 | 113 | गॉवों में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता की गयी तथा बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। |
| योग | | | 3922 | |
| सामान्य स्वास्थ्य संबंधी कार्य | | | | |
| 1 | टी.बी. के मरीज का चिन्हांकन | 33 | 44 | टी.बी. के मरीज का चिन्हांकन कर रेफर किया गया तथा समय पर दवा खाने का सुझाव दिया गया। |
| 2 | मोतियाबिन्द का ऑपरेशन | 31 | 47 | मोतिया बिन्द के मरीजों का चिन्हांकन कर ऑख का आपरेशन कराया गया। |
| 3 | कुष्ठ रोग का चिन्हांकन | 29 | 176 | रोगी का चिन्हांकन कर अस्पताल भेजा गया। |
| 4 | कुत्ता काटा | 1 | 1 | कुत्ता काटने पर मरीज को अस्पताल में दवा दिलाई कयी तथा उसका देखरेख |
| योग | | | 268 | |